हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 29 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

13 जैविक खाद का उपयोग करने में जुटे किसान...



14 कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान में की तालाब ...





## खबर संक्षेप

### अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स संगठन के जिला अध्यक्ष बने पवन कुमार



**अर्जुनी।** राज्य के शासकीय पेंशनर्स आर्थिक सामाजिक एवं चिकित्सा संबंधी समस्याओं का निराकरण नहीं होने के कारण एक सशक्त संगठन का गठन किया गया। इसमें प्रदेश अध्यक्ष पीआर यादव द्वारा पीके हिरवानी सेवानिवृत्त सहायक ग्रेड-2 को बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। पवन कुमार के अध्यक्ष बनने पर तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मनोज दुबे, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सरोज बघमार, एलएस ध्रुव, संयोजक कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन एवं बीपी साहू, एके सिंग, जीपी वर्मा, केके वर्मा, एलएल वर्मा, मंगल सिंह ध्रुव, टीआर वर्मा, एके पदमवार, यशवंत दुबे, जवाहर सिरमौर, कोमल साहू, अनिल त्रिवेदी, डीके वैष्णव, शरद शुक्ला, तिलक राम साहू, लोकनाथ वर्मा, प्यारेलाल नसीने, प्रेमलाल सेन, गेंदराम साहू, प्रीतराम धीवर, राजेंद्र मिश्रा, अहिल्या साहू, देवकी ध्रुव, रंभा यादव, पुष्पा वर्मा, डिंपल चंद्राकर, वेदमनी लहरे, कृष्णा कुमारी यादव, कुमारी यादव, सागरी साहू, रामकली यादव, अरुण बाई पैकरा, खेदुरम ध्रुव, श्यामलाल साहू, सालिक राम वर्मा, रामू ध्रुव, नकुल ध्रुव, कार्तिक ध्रुव, शंकर लाल कन्नौजे, भोजराम यादव सहित कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दी।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम अखराभांठा से बिरसिंगपाली जाने के मार्ग में फिरत चौहान के खेत के पास आरोपी गोविंदा तांडी पिता रघुलाल तांडी (27 साल) निवासी बिरसिंगपाली के कब्जे से 3 लीटर हाथ भट्ठी देशी महुआ शराब कीमती 600 रुपए को जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### एक ही घर से दो मोबाइल चोरी

**महासमुंद।** नगर के वार्ड नं. 17 पुरानी बस्ती के एक घर से दो मोबाइल चोरी हो गई। कोतवाली पुलिस को हुकुम चंद्राकर ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि 17 अप्रैल की रात घर के सभी लोग 10 बजे खाना खाने के बाद अपने-अपने कमरे में सोने के लिये चले गए थे। प्रार्थी ने अपने दो नग स्क्रीन टच मोबाईल रेडमी 13सी कंपनी एवं रेडमी 9 प्राईम कंपनी को कमरे के अंदर खिड़की में रख दिया था। रात 1 बजे उठकर देखने पर उक्त दोनों मोबाइल कुल कीमत 12000 वहां पर नहीं थे। खोजबीन करने के बाद भी मोबाइल नहीं मिलने पर 27 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### आचार्य नरेंद्र ने सुनाई कृष्ण के गोकुल लीलाओं की कथा

**महासमुंद।** बीटीआई रोड खैराबाड़ा में चल रहे भागवत कथा के सातवें दिन आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री सिलयारी धाम (चाय वाले बाबा) ने भक्तों को बैकुंठ दर्शन, कंस वध कथा तथा रामपंध्यायी का विस्तार से श्रवण कराया। आचार्य ने भगवान कृष्ण के गोकुल की लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान भाव के भूखे हैं। उन्हें मूल्यों से आंका नहीं जा सकता। उनके बांसुरी की धुन सुनकर गोपियां सुध-बुध खोकर प्रभु के पीछे चली आती थीं। ये सभी गोपियां त्रेता युग में भगवान के परम भक्त थे। प्रभु ने उनकी इच्छाओं की पूर्ति द्वापर युग में की। उन्होंने कहा कि भक्ति की एक सीमा होती है, लेकिन, प्रेम की कोई सीमा नहीं होती।

# 16 स्वसहायता समूह और 8 हितग्राहियों के लिए 31 लाख का ऋण मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने राज्य शासन द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ महिला कोष ऋण योजनांतर्गत 16 महिला स्वसहायता समूहों एवं सक्षम योजनांतर्गत 8 विधवा एवं परित्यक्त महिला हितग्राहियों के आवेदनों पर परीक्षण उपरान्त 31 लाख 20 हजार रूपये की ऋण स्वीकृति प्रदान की गई है।

लाभान्वित स्व–सहायता समूहों में अटल स्वसहायता समूह दुलदुला 1 लाख रूपए, नारायण स्वसहायता समूह, खैरताल 1 लाख, राजीव लोचन स्व-सहायता समूह, कोलियारी 1 लाख 50 हजार, जय महाकाल स्वसहायता समूह, कोलियारी 1 लाख 50 हजार, यमुना स्वसहायता समूह, दशरमा 1 लाख रूपए, संगम महिला स्वसहायता समूह, पनगांव 2 लाख 10 हजार, राधा-कृष्ण स्वसहायता समूह, सेमराडीह 1 लाख, सखी सहेली स्वसहायता समूह, दशरमा 2 लाख, जय गायत्री मां महिला स्वसहायता समूह, रीवाडीह 1 लाख 50 हजार, जय चितावर मां महिला स्वसहायता समूह, जारा 1 लाख, जागृति महिला स्वसहायता समूह, रीवाडीह 1 लाख, जानकी माता महिला स्वसहायता समूह अछोली 1 लाख, या ख्वाजा महिला स्वसहायता समूह नगर पंचायत पलारी 1 लाख 50 हजार, नव दुर्गा महिला स्वसहायता समूह गितकेरा ▶▶ शेष पेज 13 पर

## हितग्राहियों को आत्मनिर्भर बनाने छत्तीसगढ़ महिला कोष ऋण और सक्षम योजना कारगर

### व्यवसायों के लिए राशि स्वीकृत

स्व सहायता समूह को आत्मनिर्भर एवं उनके व्यवसाय को गति देने एवं विस्तार करने के उद्देश्य से ऋण स्वीकृत किया गया है तथा महिला हितग्राहियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से शासन की महत्वकांक्षी योजना "सक्षम" अंतर्गत 8 विधवा-परित्यक्त महिला हितग्राहियों को बुटिक एवं सिलाई, पापड़, साबुतदाना, मुरूकु, बिजौरी, किराना दुकान, टिफिन सेंटर, निरमा पाउडर, फैंसी स्टोर्स, सब्जी भाजी उत्पादन कार्य एवं अन्य कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की गई है।



फाइल फोटो

### हितग्राही 60 किस्तों में जमा करेंगे ऋण

साथ ही सक्षम योजनांतर्गत लवन निवासी गोमती साहू 1 लाख 20 हजार रूपए सिरसाही से रमशीला बाई कुर्रे 1 लाख 20 हजार रूपए, अमेरा से पिंकी रात्रे 1 लाख 20 हजार रूपए, ईश्वरी बाई टण्डन 1 लाख 20 हजार, रसौटा से किरण गहिरवार 1 लाख 20 हजार , खैरा से भुनेश्वरी बाई नवरंगे 1 लाख 20 हजार एवं धमनी से जमुना बाई गोड़ को 1 लाख 20 हजार रूपए राशि स्वीकृति प्रदान की गई है। शासन द्वारा योजनांतर्गत 3 प्रतिशत साधारण ब्याज पर ऋण दिया जायेगा तथा इसे समूहों द्वारा 24 से 36 मासिक किश्तों व सक्षम योजनांतर्गत महिला हितग्राहियों द्वारा 60 किश्तों में राशि वापस की जायेगी।

## गड़बड़ी : उपार्जित धान की गड़बड़ी पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

# उपार्जन केंद्र से 368.78 क्विंटल धान गायब केंद्र प्रभारी सहित 3 पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान का उपार्जन केंद्र में गड़बड़ी करने वालों पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए उपार्जन केंद्र प्रभारी, समिति प्रभारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सहकारिता विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024 –25 में तहसील पलारी अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति उपार्जन केंद्र जारा में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की जांच की गई। जांच में पाया गया कि उपार्जन केंद्र जारा में 54905.60 क्विंटल धान उपार्जन किया गया है, जिसके विरुद्ध 54536.82 क्विंटल धान का परिदान किया गया।

उपार्जन केंद्र में 368.78 क्विंटल धान राशि 8 लाख 48 हजार 194 रुपये का परिदान किया जाना शेष है, परन्तु वर्तमान में उपार्जन केंद्र में उक्त 368.78 क्विंटल धान भौतिक रूप से उपलब्ध नहीं है। इस तरह 368.78 क्विंटल धान राशि 8 लाख 48 हजार 194 रुपये की कमी कर शासन एवं समिति को क्षति पहुंचाई गई है, जिसके कारण उपार्जन केंद्र प्रभारी परदेशी राम साहू, समिति प्रभारी पंच राम ध्रुव एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर दीपक साहू के विरुद्ध थाना पलारी में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बताया गया कि इसके साथ ही अन्य उपार्जन केंद्रों की भी जांच चल रही है, जिसमें किसी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# शराब की अवैध बिक्री बंद कराने ग्रामीण हुए एकजुट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम मुड़पार में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है, जिससे बड़ों के साथ अब बच्चे भी शराब के आदी हो रहे हैं। अवैध शराब बिक्री के खिलाफ ग्रामवासी लामबंद हो गए हैं।

सभी ने एकजुट होकर अवैध शराब बिक्री को बंद कराने ग्रामसभा में बैठक की। ग्रामवासियों का कहना है कि गांव में अवैध शराब बिक्री होने से बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे हैं, क्योंकि यह आसानी से मिल जा रही है। शराब के कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है। रोज लड़ाई झगड़ा, गाली गलौज आम बात हो गई है। गांव में अवैध शराब से एक युवा आत्महत्या कर चुका है तथा गांव में अशांति फैल रही है।

■ इस कारोबार में संलिप्त लोगों का नाम बताने वालों के लिए रखा इनाम

अवैध शराब, गाली गलौज व जुआ बंद कराने के लिए गांव की महिलाएं व ग्रामीण एकजुटता दिखाते हुए बैठक में खुले में शराब बेचने व पीने, जुआ खेलने, गाली गलौच करने, गांजा पीने, खुला डिस्पोजल व ताश बेचने पर प्रतिबंध व दंडित किये जाने का निर्णय लिया गया तथा शराब बेचने पर 21 हजार अर्थदंड और बताने वाले को 10 हजार का इनाम, खुले में शराब पीने, ▶▶ शेष पेज 13 पर

# कांग्रेस ने विस स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में दिखाई एकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी नई दिल्ली की सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह प्रभारी एस जरीता लेत फ्लॉन्ग के मुख्य आतिथ्य में बिलाईगढ़ विधानसभा के विधायक कविता प्राण लहरे एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ताराचंद देवांगन के अगुवाई में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता बैठक भटगांव नगर के केसरवानी भवन में सैकड़ों कार्यकर्ता के बीच हुई।

विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों ने अपना उद्बोधन दिया, जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष ताराचंद देवांगन, विधायक कविता प्राण लहरे, पूर्व विधायक चंद्रदेव राय एवं छत्तीसगढ़ सह प्रभारी ने सभा को संबोधित किया। संगठन, जन प्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं अनुशासन के बारे में गहराई से समझाया, उद्बोधन के उपरांत अंत में समस्त कार्यकर्ताओं से एक-एक करके मुलाकात की, सबकी समस्या सूनी व विचार को जाना। ▶▶ शेष पेज 13 पर

# नगर पालिका अध्यक्ष ने सुनी नगरवासियों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने नयागंज वार्ड की महिलाओं एवं ऑटो संघ के साथियों से भेंटकर उनकी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को सुना।

बैठक के दौरान नागरिकों ने अपने वार्ड की मूलभूत सुविधाओं, ऑटो स्टैंड की व्यवस्था, यातायात संचालन, जल निकासी, स्वच्छता और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं को विस्तार से प्रस्तुत किया।

अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने सभी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक संज्ञान में लेते हुए उपस्थित नागरिकों को शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि नगरवासियों की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण नगर पालिका परिषद की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया जाएगा, ताकि क्षेत्र में त्वरित सुधार कार्य प्रारंभ हो सके।बैठक में महिलाओं ने ▶▶ शेष पेज 13 पर



# डबरी निर्माण के लिए हितग्राहियों को 40 से 60 प्रतिशत तक मिलेगा अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत विभिन्न विभागों के प्राप्त आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर ने मछली पालन विभाग द्वारा किये गए निराकरण की समीक्षा करते हुए आवेदक भटगांव निवासी हुलस राम से स्वयं फ़ोन पर बात की और आवेदन के सम्बन्ध में पूछ ताछ करते हुए निराकरण की जानकारी दी, जिस पर आवेदक हुलस राम ने संतुष्टि जाहिर की।

■ कलेक्टर ने सुशासन के आवेदकों से की बातचीत और निराकरण का दिया आश्वासन

हुलस राम ने अपने आवेदन में मछली पालन हेतु शेड निर्माण की मांग की थी, लेकिन मछली पालन विभाग में शेड निर्माण सम्बधित कोई योजना संचालित नहीं है। मछली पालन के लिए प्रोत्साहित करने हेतु आवेदक को जानकारी दी गई कि विभाग में मछली पालन हेतु डबरी निर्माण की योजना संचालित है जिसमें हितग्राही को 40 से 60 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाता है। मछली पालन के लिए डबरी निर्माण के लिए इच्छुक होने पर इसका लाभ दिया जाएगा।

कलेक्टर ने इस दौरान कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, आदिम जाति कल्याण, खाद्य, नागरिक आपूर्ति, सहकारिता, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास एवं नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा किये गए आवेदनों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को तेजी से एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही निराकरण की जानकारी आवेदको को अवश्य देने के भी निर्देश दिये।

## दुकानों में बढ़ी खरीददारों की भीड़, विवाह समारोह भी होंगे

# अक्षय तृतीया के लिए बाजार हुआ गुलजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा





अक्षय तृतीया को लेकर बाजार में रौनक छा गई है। इस दिन ज्यादातर लोग बिना मुहुर्त देखे शादी-ब्याह आदि मांगलिक कार्यक्रम कराते हैं। पर्व के करीब आते ही इन दिनों बाजार में पारंपरिक खिलौनों ने बाजार की रौनक और बढ़ा दी है। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर मिट्टी के मटके, गुड्डे-गुडियों एवं अन्य सामानों की दुकानें लग चुकी हैं। अक्षय तृतीया 30 अप्रैल को है, इस दिन भगवान परशुराम जयंती के साथ अक्ती पर्व पर अनेक धार्मिक एवं मांगलिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

इस दिन मंडप विवाह भी होते हैं। बर्तन, ज्वेलरी, विवाह, चूड़ी व कास्मेटिक, साज-सज्जा के सामान जमकर बिक रहे हैं। इसके अलावा दुल्हे की पगड़ी, हे कटार तथा विवाह में लगने वाली पूजा सामग्री जैसे परी, टोकरी, मंगरोहन, नांदी टोहटी, कलश आदि के सामान जगह-जगह बिक रहे हैं, जहां पूरे समय ग्राहकों की भीड़ देखी जाती है। विवाह में लगने वाली सभी यां सामग्रियां भी बाजार में उपलब्ध हैं।

वैवाहिक सीजन के चलते बाजार की रौनक इन दिनों पूरे समय बनी हुई है, भीषण गर्मी के बावजुद ग्रामीण और नगरीय इलाकों के लोग दिन में खरीदी कर शाम को घर लौट जाते हैं, इसलिए पूरे समय बाजार में चहल-पहल है। नगर की हर दुकानों में सुबह से रात तक ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। सराफा, कपड़ा, ऑटोमोबाइल्स, बर्तन, श्रृंगार सामाग्री, कास्मेटिक आयटमों सहित अन्य दुकानों में भी पूरे समय ग्राहकों का तांता लगा रहता है।

### रचाई जाएगी गुड्डा गुड़ियों की शादी

अक्षय तृतीया को छत्तीसगढ़ में अक्ती तिहार के रूप में मनाया जाता है। वैशाख के महीने में गर्मी की अधिकता रहती है, इसलिए शरीर को ठंडा रखने के लिए या बीमारी से बचने के लिए मिट्टी के घड़े का पानी, सत्तू, गुढ़, आम, तरबूज आदि का उपयोग करने से पहले उनका दान किए जाने की परंपरा चली आ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में मिट्टी के गुड्डे, गुडियों का विवाह करने की परंपरा वर्षों से बच्चों के माध्यम से निभाई जाती है। जिसका उद्देश्य बच्चों को विवाह का महत्व बताना है। बच्चे भी गुड्डे-गुडियों का विवाह बड़े हर्ष के साथ कराते हैं। मिट्टी के गुड्डे गुडियां शहर के सोमवार बाजार में बिकने लगे हैं। इन दिनों परिधान परिधान, बर्तन, ज्वेलरी से लेकर पूजा तक के सामानों की बिक्री बढ़ी है।

# शिविर में 799 आवेदकों का बना लर्निंग लायसेंस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य शासन द्वारा सुशासन तिहार 2025 के तहत आमजन द्वारा ड्रायविंग लायसेंस से संबंधित मांग के त्वरित निराकरण के लिए जिला परिवहन कार्यालय द्वारा 26 एवं 27 अप्रैल को परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से लर्निंग लायसेंस बनाने शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 799 लोगों को लर्निंग लायसेंस जारी किया गया।

जानकारी के अनुसार कसडोल विकासखण्ड के ग्राम पिपरछेड़ी एवं रिकोकला, विकासखण्ड पलारी में ग्राम सरसेनी, बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोरदा एवं ग्राम चितावर, भाटापारा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत देवरी एवं कोनी, सिमगा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बुचीपार एवं चण्डी, बिलाईगढ़ अंतर्गत गाताडीह एवं बलौदी में आयोजित किया गया।

## खबर संक्षेप



### भगवान परशुराम का प्राकट्य दिवस कल 3 मई को शोभायात्रा

**महासमुंद।** सर्व ब्राह्मण समाज महासमुंद के तत्वावधान में भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम का प्राकट्य दिवस 30 अप्रैल बुधवार को प्रातः 9 बजे आश्रम रोड स्थित ब्रह्म निवास में मनाया जाएगा। समाज के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने बताया कि समाज भवन ब्रह्म निवास में प्रातः 9 बजे से विद्वान पुरोहितों के मंत्रोचार के साथ विप्रजन पूजा अर्चना व भगवान विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करेंगे। तत्पश्चात प्रसाद वितरण एवं बरोंडा चौक स्थित मनीष इलेक्ट्रिकल शॉप के सामने आम जनों को ठंडा शरबत पिलाया जाएगा। इसी प्रकार भगवान परशुराम के पराक्रम को प्रदर्शित करते हुए 3 मई शनिवार को शाम 5 बजे समाज भवन से भव्य शोभायात्रा शहर भ्रमण करते हुए सिटी स्पोर्ट क्लब पहुंचेगी, जहां बाबा रामदेव म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाएगा। वहीं विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले विप्रजनों का सम्मान किया जाएगा। भोजन प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। तिवारी ने सामाजिकजनों से सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### कक्षा आठवीं में ओजस्वी को मिला 99.3 प्रतिशत



**नर्रा।** कर्मा पब्लिक स्कूल इंग्लिश मीडियम कोमाखान के छात्रा ओजस्वी पिता डा. मिठलेश ठाकुर ग्राम बिंद्रावन ने कक्षा आठवीं में 99.3 प्रतिशत अंक लाकर प्रवीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

### प्लेसमेंट कैंप का आयोजन कल

**महासमुंद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा जिले के शिक्षित स्थानीय बेरोजगार युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान किया जा रहा है। 30 अप्रैल 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम हाउसिंग बोर्ड, अटल विहार कॉलोनी, रोजगार कार्यालय परिसर मचेवा में आयोजित होगा।

### निगम क्षेत्र में बिना अनुमति विज्ञापन होर्डिंग्स लगाना अवैधानिक

**जगदलपुर।** नगर पालिका निगम जगदलपुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न चौक चौराहों पर विज्ञापन ट्राली खड़ा किया जाता है। विगत दिनों आंधी तूफान आने से ट्रॉली सड़क पर गिरा पाया गया साथ ही यातायात बाधित भी हो रहा है। कभी भी दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। निकाय क्षेत्र के अंतर्गत समस्त विज्ञापन ट्रॉली बंद करने का निर्णय निगम ने लिया है। निगम ने 24 घंटे के अंदर निकाय क्षेत्र से विज्ञापन ट्रॉली हटाने का निर्देश दिया है।

---

जनचौपाल : लोगों से मुलाकात कर सुनी उनकी समस्याएं

# पिथौरा जनपद अध्यक्ष उषा ने क्षेत्र में लगाई जनचौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा/पिथौरा

जनपद पंचायत पिथौरा के अध्यक्ष उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे ने शनिवार 26 अप्रैल को जनचौपाल, भेंट-मुलाकात का आयोजन 5 ग्रामों में तिलांजनपुर, सावित्रीपुर, भोजपुरी, रामपुर और बिजेमाल में किया गया।

जनपद अध्यक्ष उषा धृतलहरे और जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे ने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी और कई शिकायतों का तुरंत ही निराकरण किया गया और कुछ मांगे ग्रामवासियों का था, उस मांगों को जल्द ही पूरा करने को आश्वस्त किया गया।



इस जनचौपाल कार्यक्रम में जनपद पंचायत पिथौरा की अध्यक्ष उषा धृतलहरे, जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे, बसना विधायक के निजी सचिव नरेंद्र बोरे, पूर्व सरपंच सपोस बबीता बघेल, मंडल महामंत्री मनोज बारीक, झाडूराम परमार, विकास बघेल, गोकुलानंद प्रधान, सावित्रीपुर सरपंच कमल बारीक, बिजेमाल के सरपंच गुड्डू खान, आजूराम अनंत, राकेश पटेल, गणेश पटेल, सुशीला कुर्रे, धनुर्जय बंजारे, बसंत कुर्रे, केतब बारीक, दिलीप प्रधान, दिलीप बारीक, नरेश पांडा, शंकरलाल पांडा, किरण पटेल, दीपक अनंत व पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

---

## द्रोणिका के असर से अंधड़ व गरज चमक के साथ हुई बारिश



**नर्रा।** क्षेत्र में बीते सप्ताहभर से पड़ रही भीषण गर्मी से लोग हलाकान थे। ताममान 42 ड्रिग्री पार हो गया था। सूरज आग उगल रहा था। क्षेत्र में द्रोणिका के असर से मौसम बदला और गरज चमक एवं तेज हवा के साथ रात में हल्की बारिश हुई है। दिन में बादल छाए रहने की वजह से धूप छांव का दौर जारी रहा। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं सोमवार को साढ़े तीन बजे तेज अंधड़ के साथ हल्की बारिश हुई है। इस क्षेत्र के साधन संपन्न किसान रबी धान फसल ले रहे है। कुछ किसानों का फसल पककर तैयार हो गया है तो कुछ इक्का दुक्का किसानों ने रबी धान की कटाई की शुरूआत कर ली है। मौसम में बदलाव के कारण बारिश से किसानों की चिंता बढ़ गई है। कही पके फसल को नुकसान न पहुंचा दे, इसे लेकर किसान चिंतित है।

---

## अमरकंटक में 1 से 6 मई तक ध्यान योग शिविर

**महासमुंद।** समर्थ गुरुधारा मैत्री संघ छत्तीसगढ़ द्वारा 1 मई से 6 मई 2025 तक शांति कुटीर अमरकंटक में ध्यान योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। संस्था की ओर से राज्य के संयोजक संतोष चंद्रा ने बताया कि यह आयोजन समर्थ गुरु सिद्धार्थ औलिया के मार्गनिर्देशन में हो रहा है। आचार्य दर्शन के साथ अनुभवी आचार्यों की टीम मौजूद रहेगी। इस शिविर में छह आचार्य अमरेश, आचार्य मां सीमा, आचार्य मां वंदना और आचार्य माँ जगदीश सलूजा शामिल हैं। शिविर में 1 से 3 मई तक ध्यान योग और निरति योग, 4 से 6 मई तक सुरति योग और अमृत योग का आयोजन किया जाएगा। नए साधक 1 से 3 मई तक ध्यान योग, योग के प्रथम तल में शामिल हो सकते हैं और अन्य साधक निरति योग और अमृत योग में 4 से 6 मई में शामिल हो सकते हैं।



शिविर में अधिक से अधिक साधकों को भाग लेने महासमुंद से आचार्य अनिल वर्मा, जितेंद्र कुमार चंद्राकर ने अपील की है। यह जानकारी महेश कुमार ध्रुव ने दी है।

---

## शहीद स्मारक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हमले में 28 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। ग्राम खरोरा में स्थित शहीद स्मारक में इस आतंकी हमले के शिकार दिवंगत पर्यटकों एवं पूर्व सैनिक स्वर्गीय पंकज चंद्राकर की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। राष्ट्रगान के पश्चात पुष्प अर्पित एवं दीपदान कर स्वर्गीय पंकज चंद्राकर एवं आतंकी हमले में अपनी जान गंवाने वाले पर्यटकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा आयोजित इस शोक सभा में अध्यक्ष युवराज चंद्राकर ने कहा कि पहलगाम में नाम और धर्म पूछ कर किया गया हमला यह दर्शाता है कि यह नरसंहार सांप्रदायिक घृणा से प्रेरित था। पूर्व सरपंच सुनीता चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में हमले की निंदा करते हुए कहा कि पहलगाम का हमला केवल एक आतंकी हमला नहीं है, बल्कि हमारे धैर्य, शक्ति और चेतना की परीक्षा है। मंच संचालन करते हुए सरला सोनी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि कश्मीर में हुए हमला देश की संप्रभुता पर हमला है और बदले में सरकार से अपेक्षा की जाती है कि हमले में शामिल आतंकी या उसके सहयोगी देश के दुश्मनों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। ताकि, भविष्य में वह भारत की ओर आंख उठाकर देखने का साहस न कर सके। पंकज चंद्राकर एवं सुमन पांडे ने स्व. पंकज चंद्राकर को अच्छे मार्गदर्शक, प्रेरणा स्त्रोत शिक्षक के रूप में याद कर पहलगाम में हुए आतंकी हमले को कायराना हरकत बताया। इस अवसर पर सुनीता चंद्राकर, देवदत्त चंद्राकर, पूर्व सैनिक युवराज चंद्राकर, केएल सोनी, प्रदीप चंद्राकर, नंदकिशोर सिंहा, सहदेव ध्रुव, लक्ष्मी चंद्र, मानिक राम, सरला सोनी, रोहिणी सिंहा, ज्योति चंद्राकर, पूजा चंद्राकर, सीमा वर्मा, रूचि घृतलहरे, स्वर्गीय पंकज चंद्राकर ग्रुप बागबाहरा के सभी सदस्य व ग्रामवासी मौजूद रहे।

---



## श्याम बालाजी कॉलेज में मनाया गया अक्षय तृतीया का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

श्याम बालाजी कॉलेज में अक्षय तृतीया का आयोजन किया गया। बीएड के छात्र–छात्राओं द्वारा परंपरागत गुड्डा– गुड्डी ( रुद्रा–गौरी ) की शादी करवा कर अक्षय तृतीया का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अंकिता चंद्राकर ने छात्रों को संबोधित करते हुए अक्षय तृतीया के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि सनातन प्रथा परंपरा का अनुसरण करते हुए छत्तीसगढ़ में अक्षय तृतीया पर गुड्डा-गुड़िया की शादी करने की परंपरा है। छत्तीसगढ़ के गांव-गांव में अक्षय तृतीया को अक्ती के नाम से जाना जाता है। इस विवाह के माध्यम से लोग अपने बच्चों को छत्तीसगढ़ संस्कृति से अवगत कराते हैं और उन्हें रस्मों के बारे में सिखाते हैं। इस दौरान गुड्डा-गुड़िया को तेल लगाने, हल्दी लगाने, सिर पर मुकुट बांधने, फेरे लेने और विदाई की रस्मों को निभाया जाता है। अक्षय तृतीया के दिन छत्तीसगढ़ में मनाई जाने वाली यह अनोखी परंपरा संस्कृति के बेहद करीब है। छात्रों ने इस अवसर पर संगीत, नृत्य और एक दूसरे के हाथों पर मेहंदी लगाए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित श्याम बालाजी महाविद्यालय की सचिव तारा चंद्राकर, विभागाध्यक्ष डॉ. संजय साहू, सहायक प्राध्यापिका उमा चौधरी, सहायक प्राध्यापक निर्मल बंजारे, टीआर कुर्रे, आशी चंद्राकर, सभी विभाग के विभागाध्यक्ष तथा सहायक प्रध्यापकगण शामिल थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी तन्मय गोस्वामी एवं होमप्रकाश ठाकुर ने दी है।

---

## तालाब में सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 2 के व्यापारी तालाब में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन शनि देव मंदिर के पास नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल एवं उपाध्यक्ष देवेश साहू ने किया। नपाध्यक्ष खिलेश्वरी बघेल व उपाध्यक्ष देवेश साहू ने कहा कि प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य कराए जा रहे हैं। वर्तमान में व्यापारी तालाब के निवासियों की काफी समय से रोड की मांग थी, आज सीसी रोड के निर्माण कार्य का भूमिपूजन अध्यक्ष, पार्षदों व वरिष्ठ नागरिकों से कराया है। भूमिपूजन के बाद उपाध्यक्ष देवेश साहू ने वार्ड 2 व्यापारी तालाब मोहल्ले का निरीक्षण किया। इस अवसर पर पार्षद मेनका साहू, मंता यादव, रमेश ठाकुर, शिवा जगत, बंशीलाल चंद्राकर, अवध चंद्राकर, हरि चंद्राकर, पंकज हरपाल, ताम्रध्वज बघेल, पोखराज साहू, लक्ष्मी साहू, दीपक यादव, विष्णु मयंक, देवेश छोटू, गुप्ता, संतोष चंद्राकर, समीर चंद्राकर, सोनू सहिस आदि मौजूद रहे।



---

## जनपद उपाध्यक्ष हुलसी ने की विधायक से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर ने महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को आवेदन के माध्यम से अपने जनपद क्षेत्र साराडीह के सड़क व बिजली समस्याओं से अवगत कराया।

---

## संघ के शाखा संगम में जाना अर्थात त्रिवेणी संगम में जाने के बराबर : खगेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100वें वर्ष अर्थात शताब्दी वर्ष के निमित्त देशभर की शाखाओं में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इस निमित्त महासमुंद नगर में शाखा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से महासमुंद नगर के अलग-अलग बस्तियों में संघ की लगने वाली शाखाओं का एक स्थान केशव प्रभात शाखा गुरु गोविंद सिंग उद्यान के बाजू मैदान में यह आयोजन किया गया। जिसमें नगर के सभी शाखाओं के स्वयंसेवक उपस्थित हुए।

शाखा संगम कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संघ के जिला संपर्क प्रमुख खगेंद्र तारक ने कहा कि आज से कुछ माह पूर्व जो व्यक्ति कुंभ मेले में त्रिवेणी स्नान नहीं कर पाए हो, वे आज संघ के शाखा संगम कार्यक्रम में आकर उसका पुण्य लाभ प्राप्त कर लिए। संघ एक विशाल वट वृक्ष का रूप ले चुका है और यह विश्व का एकमात्र ऐसा स्वयंसेवी संगठन है जो हिंदू समाज के सहयोग फल फूल रहा है, उन्होंने कहा की आज संघ के पास गहराई, दिशा एवं गति ये तीनों प्रकार के कार्यकर्ताओं का समूह है और ये तीन कारण ही संघ को अन्य संगटनों से अलग करते है। उन्होंने कहा कि संघ के जो बाल स्वयंसेवक है वो संघ की गहराई है, और जो युवा व्यवसाई कार्यकर्ता है वो संघ को गति प्रदान कर रहे है, और जो संघ के प्रौढ़ स्वयंसेवक है वो आज संघ को दिशा प्रदान कर रहे है। संघ का ये जो विशाल वृक्ष है उसकी पत्तियां संघ के असंख्य कार्यकर्ताओं के समान है, और जो इसकी शाखाएं है वो विभिन्न क्षेत्रो में कार्य करने वाले विभिन्न संघठन है और जो इसकी विशाल जड़े है वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है। संघ समाज से पंच परिवर्तन की बात करता है। ये पंच परिवर्तन है कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, स्वदेशी एवं नागरिक कर्तव्य बोध। तारक ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष में संघ को प्रत्येक गांव तक लेकर जाना है। उन्होंने स्व का बोध कराते हुए कहा कि आज हमें स्वाधीन हुए 78 वर्ष हो गए, लेकिन अभी भी हम स्व के अधीन है, जिस दिन तंत्र भी हमारा होगा, सही मायने में हम उस दिन स्वतंत्र होंगे। उन्होंने शाखा के दृढ़ीकरण के लिए एक आदर्श शाखा कैसी हो, कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण, शाखा में आचार पद्धति का पालन, अष्ट बिंदु के पालन, अभ्यास वर्ग में शाखा की भूमिका, शाखा का इतिहास व शाखा पंजी एवं उपक्रम शील शाखा इन सभी बिन्दुओं के बारे में संक्षेप में बतलाया। कार्यक्रम में जिला संघचालक महेश चंद्राकर, नगर संघचालक भूपेंद्र राठौर, खंड संघचालक भगोली राम साहू तथा जिले एवं नगर के स्वयंसेवक उपस्थिति थे। उक्त जानकारी नगर प्रचार प्रमुख नितेश श्रीवास्तव ने दी।




---

## बैठक में संकुल समन्वयकों के कार्यों की गहन समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बीआरसीसी कार्यालय महासमुंद में संकुल समन्वयकों की ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी तारिका कुंजाम, एपीसी संपा बोस तथा बीआरसीसी जागेश्वर सिंह की उपस्थिति रही।

बैठक में संकुल समन्वयकों के कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए अनेक प्रमुख विषयों पर चर्चा और निर्देश दिए गए। समग्र शिक्षा से प्राप्त समस्त सामग्री की पंजी तैयार कर उसे सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए। एफएलएन के अंतर्गत लक्ष्य प्राप्ति की विद्यालयवार समीक्षा कर, विद्यालयों की ग्रेडिंग तैयार करने, प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी (पीएलसी) के कार्यों की समीक्षा करते हुए नियमित रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करने, प्रत्येक विद्यालय के विद्यार्थी विकास



सूचकांक को अद्यतन बनाए रखने, एफएलएन मेंटरों को विद्यालय भ्रमण कर प्रगति रिपोर्ट तैयार करने, विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए विशेष ध्यान देने, सभी छात्रों की अपार आईडी पूर्ण करने के लिए तेजी से कार्य करने, विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) की पंजी पूर्ण एवं अद्यतन रखने, प्रत्येक विद्यालय में माहवार गतिविधियों का लेखा-जोखा रखने हेतु एक्टिविटी बुक तैयार करने को कहा गया। जिसमें विद्यालय का संक्षिप्त विवरण, स्टाफ सूची, यूथ इको क्लब और बाल कैबिनेट की जानकारी सम्मिलित हो। साथ ही बैठक में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 5 मई से 31 मई 2025 तक आयोजित सु-शासन तिहार के संबंध में भी जानकारी दी गई। बताया गया कि इस अवधि में प्राप्त मांगों एवं शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाएगा। शिक्षा विभाग की टीम को इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से उपस्थित रहने एवं विभागीय समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहने के निर्देश दिए गए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि 30 अप्रैल को सभी विद्यालयों में बच्चों को परीक्षा परिणाम सुनाया जाए तथा आगामी दिनों में आयोजित होने वाले सोशल ऑडिट की तैयारी के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में समस्त संकुल समन्वयकों को निर्देशित किया गया कि वे समस्त कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, ताकि शैक्षिक गुणवत्ता में सतत सुधार सुनिश्चित किया जा सकें।

---

## आधुनिक तकनीक से खेती कर रमाकांत ने बढ़ाई आमदनी

### ड्रिप, मल्चिंग और मेहनत से बदली खेती की तस्वीर, योजना का लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के सरायपाली ब्लॉक स्थित ग्राम पंडरीपानी के छोटे किसान रमाकांत पटेल ने यह दिखा दिया है कि अगर हौसले बुलंद हों और तकनीक का सही इस्तेमाल हो, तो किस्मत को भी बदला जा सकता है। जहां अधिकतर किसान पारंपरिक खेती के भरोसे सीमित आमदनी से जूझ रहे हैं। वहीं रमाकांत ने शासकीय योजनाओं का समुचित लाभ उठाते हुए और आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर खेती को समृद्धि और आत्मनिर्भरता का जरिया बना दिया है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना 2024-25 के तहत रमाकांत ने मात्र 0.40 हेक्टेयर भूमि में ग्राफ्टेड बैंगन की खेती की। रमाकांत ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना 2024-25 के तहत मिले सहयोग से केवल 0.40 हेक्टेयर भूमि में ग्राफ्टेड बैंगन की खेती शुरू की। परंपरागत तरीके छोड़कर उन्होंने ड्रिप सिंचाई प्रणाली, मल्चिंग तकनीक और आधुनिक कृषि यंत्रों का इस्तेमाल किया। परिणामस्वरूप, उन्हें 300 क्विंटल बैंगन की शानदार पैदावार प्राप्त हुई, जिससे उन्होंने लगभग 5 लाख रुपए की आमदनी अर्जित की। रमाकांत बताते हैं कि यदि बाजार भाव और बेहतर होते, तो कमाई इससे भी अधिक हो सकती थी।



सफलता से उत्साहित होकर अब वे 3 एकड़ भूमि में मिर्च, बैंगन और करेला जैसी फसलों का बड़े पैमाने पर उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यदि बाजार में फसल की अच्छी कीमत मिलती, तो यह आंकड़ा और भी अधिक हो सकता था। इस सफलता से उत्साहित होकर उन्होंने अब मिर्च, बैंगन और करेला की खेती को विस्तार देते हुए 3 एकड़ भूमि में यह कार्य शुरू किया है। रमाकांत की सफलता इस बात का प्रमाण है कि यदि छोटे किसान आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाएं और सरकारी योजनाओं का सही ढंग से लाभ उठाएं, तो वे आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ सकते हैं और सब्ज़ी की खेती से शानदार मुनाफा कमा सकते हैं। रमाकांत की मेहनत और सूझबूझ इस बात का उदाहरण है कि यदि नीति, तकनीक और परिश्रम का सही संगम हो, तो गांवों से ही समृद्धि की नई इबारत लिखी जा सकती है।

## खबर संक्षेप



### हेल्थ केयर के स्टूडेंट्स ने सिखाए इलाज के गुर

**बकावंड।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकावंड में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बकावंड के हेल्थ केयर के 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं का इंटर्नशिप कार्यक्रम संपन्न हुआ। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बकावंड में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत हेल्थ केयर पाठयक्रम में अध्ययनरत 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बकावंड में 10 दिवसीय इंटर्नशिप आयोजित किया गया। इंटर्नशिप के अंतर्गत हेल्थ केयर के विद्यार्थियों को हॉस्पिटल से संबंधित प्रायोगिक प्रशिक्षण जैसे ब्लड प्रेशर टेम्प्रेचर मापना, प्लस रेट जांचना, श्वसन परखना, ब्लड सैंपल लेना, ओपीडी पर्ची बनाना, इंजेक्शन के प्रकार एवम डिग्री इत्यादि लेना सिखाया गया। यह 10 दिवसीय कार्यक्रम सफलतापूर्वक छात्रों द्वारा पूर्ण किया गया। इस दौरान हॉस्पिटल स्टाफ एवं विद्यायल के व्यावसायिक प्रशिक्षक अक्षय बंजारे उपस्थित थे।

### वार्षिक परीक्षा में अव्वल बच्चों को किया पुरस्कृत

**भानपुरी।** विकासखंड बस्तर के प्राथमिक शाला सिवनी संकुल केंद्र सिवनी में संकुल स्तरीय शाला संग्रहालय का शुभारंभ किया गया। शाला संग्रहालय के उद्घाटन मुख्य अतिथि, अध्यक्ष एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मंचासिन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा की पूजा अर्चना सें हुई। शाला संग्रहालय का मुख्य उद्देश्य विलुप्त होती विरासत को सुरक्षित रखने के साथ-साथ बच्चों को संस्कृति का ज्ञान देना है। समुदाय के पारंपरिक ज्ञान के संवर्धन हेतु प्राचीन भाषाओं और संस्कृति को जानना, बच्चों के खोजी प्रवृति का विकास करना, पारंपरिक संस्कृति के ज्ञान को स्कूली ज्ञान से जोड़ना है। लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउन्डेशन के पहल से शाला संग्रहालय का शुभारंभ बस्तर विकासखंड के शालाओं में किया जा रहा है। इसी तारतम्य में संकुल केंद्र सिवनी में शाला संग्रहालय का शुभारंभ किया गया। शाला संग्रहालय के साथ साथ वार्षिक परीक्षा में कक्षा 1 से 8 तक के उत्कृष्ट बच्चों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच प्रमिला बघेल, जनपद सदस्य रुक्मिणी कश्यप संकुल प्राचार्य जितेंद्र कुमार बघेल, संकुल समन्वयक गौतम सिंह रात्रे, नाथूलाल वैष्णव, सोमारू राम बघेल, सोनसाय भारती,दीपक कुंजाम, प्रेम सिंह ठाकुर, गजेंद्र बघेल, मनीष देव, मतियस एक्का, बैजयंती मौर्य और लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउन्डेशन से सुरेंद्र विश्वकर्मा व संकुल के शिक्षक व समुदाय के गणमान्य शामिल हुए।

### पोस्ट ऑफिस वार्ड में सुनी मोदी के मन की बात



**धमतरी।** पोस्ट ऑफिस वार्ड में युवा भाजपा नेता मुकेश शर्मा के निवास में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात सुनी गई। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा, पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, पूर्व शहर मंडल अध्यक्ष विजय साहू, मुकेश शर्मा, चित्ररेखा निर्मलकर, श्यामा साहू, पार्षद चंद्रभागा साहू, पार्षद, कुलेश सोनी, पार्षद युगलकिशोर यादव, विशाल उपस्थित थे।

### कॉलेज में छात्राओं ने लगाई कौशल शिक्षा प्रदर्शनी व किया हस्त निर्मित कलाकृतियों का प्रदर्शन

# शिक्षा के साथ छात्राओं में स्किल डेवलपमेंट का हुनर जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनाने एवं उनके अंदर की छुपी हुई प्रतिभा को तराशने का काम छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहे हैं। इसके तहत स्थानीय शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में नव सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन व अपर कलेक्टर मिथिलेश डोण्डे ने किया। महाविद्यालय प्रवेश पर कॉलेज की एनसीसी छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथि अशोक जैन को सलामी दी गई। प्राचार्य डॉ. वासु वर्मा द्वारा हेंड मेड कागज का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य वासु वर्मा ने नौ सृजन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा नीति 2020 के तहत यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शिक्षा के साथ ही स्कूल के बच्चों में स्किल डेवलपमेंट का काम भी किया जा रहा है। छात्रा उषा साहू ने बताया कि शिक्षा के साथ हमें सांस्कृतिक धरोहर एवं हमारी वनवासी संस्कृति से भी परिचय कराया जा रहा है, इसके साथ ही कौशल उन्नयन के तहत हम सबको घरेलू उत्पाद भी बनाना सिखाया गया है। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन की मंशा है कि छात्राएं शिक्षा के साथ कौशल विकास का कार्य भी सीखे और आत्मनिर्भर बने जिसको लेकर शिक्षा नीति 2020 बनाई गई है और इसके तहत यहां पर आज छात्राओं ने अपने द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा तैयार किए गए अनेक विषयों पर आधारित सुव्यवस्थित स्टाल लगाए। विशेष आकर्षण के रूप में हस्तशिल्प टाइट बंधेज साड़ियां, हैंडलूम उत्पाद, पारिवारिक कढ़ाई, कुरेशिया कार्य तथा सजावटी वस्तुएं प्रदर्शित की गई। गृह विज्ञान विभाग द्वारा पोषाक खाद्य प्रदर्शनी, बच्चों के लिए खेल खिलौने तथा शिशु विकास पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए गए। कला संकाय द्वारा इतिहास में छत्तीसगढ़ की साहित्यिक धरोहर पर आधारित साहित्यिक एवं ऐतिहासिक पोस्टर विज्ञान संकाय द्वारा मॉडल मेडिकल प्लांट्स जैव विविधता जलवायु परिवर्तन आदि पर शैक्षणिक प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई।



**बैकिंग कला पर लगाया विशेष स्टाल**

गृह विज्ञान विभाग द्वारा बैकिंग कला पर विशेष स्टाल लगाया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने हाथों से तैयार किए गए विविध प्रकार के केक कुकीज पेस्ट्री ब्राउनिंग और अन्य बेकरी उत्पादों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया। इन स्वादिष्ट और सजावटी आइटम्स ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया और विद्यार्थियों को पाक कौशल और नवाचार क्षमता को उजागर करने एक मंच प्रदान किया। आयोजित कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर रंजना आहूजा, नगर पालिका के उपाध्यक्ष जितेंद्र महले, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, पार्षद अमितेश नेताम, एस. एम.पाध्ये, गुरूदत्त तिवारी, रवि साहू, मयूर जैन, क्रीड़ा अधिकारी सुलेखा राउत, सुनीता त्यागी, डॉ. कल्पना उपाध्याय, वर्षा फ्रैंकलिन सहित महाविद्यालय के स्टाफ और छात्राएं मौजूद थीं।

# शहर के वार्डों में होंगे विकास कार्य, भूमिपूजन हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्डवासियों को निस्तारी जल के साथ जल संग्रहण में सहयोग एवं भूमिगत जल स्त्रोत को बनाए रखने के उद्देश्य से स्थानीय वार्ड 6 स्थित पिपराहा तालाब के गहरीकरण किए जाने के साथ तालाब में पचरी निर्माण पार के चौड़ीकरण एवं तालाब सौन्दर्यीकरण किए जाने नगरपालिका द्वारा भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कार्य आरंभ किए जाने भूमि पूजन किया गया। इस दौरान नगर पालिका के उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले, वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद हरजीत सिंह सलूजा सहित अन्य पार्षदों द्वारा भी पूजा अर्चना करते हुए पिपराहा तालाब सौन्दर्यीकरण किए जाने पूजन किया गया। शासन द्वारा राज्य परिवर्तित मद अंतर्गत 60 लाख से उक्त पिपरहा तालाब के कार्य हेतु प्रस्ताव अनुरूप शासन द्वारा स्वीकृति उपरांत कार्य कराया जाना सुनिश्चित करते हुए कार्य प्रारंभ कराया गया। वार्ड क्रमांक 6 सहित आसपास के वार्ड क्रमांक 4, 5, 7, 8, 9, 10, 13 एवं 14 वार्ड के लिए उक्त आम निस्तारी वाले तालाब का गहरीकरण कार्य बहुत आवश्यक था। आसपास के नागरिक वार्ड वासी एवं महिलाओं ने नगर पालिका अध्यक्ष जैन से मुलाकात करते हुए गहरीकरण एवं सौंदर्यी करण कार्य की सराहना करते हुए अन्य मांग एवं समस्याओं को लेकर चर्चा की। भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर पालिका के उपअभियंता विनोद यादव, पार्षद अमितेश नेताम, लोकेश कुमार चेलक, सतीश पटेल, जितेंद्र कुमार डड़सेना, सुरेश कुमार घृतलहरे, गौतम सिंह चौहान, चंद्रशेखर गुप्ता, सलमान शेख, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, रविंद्र नामदेव पोषण पटेल, मनीष वर्मा, फेकर जनप्रतिनिधि गण नीलम सोनी, योगेश अग्रवाल,रवि साहू, राहुल अग्रवाल, मयूर जैन, गुरुदत्त तिवारी,आनंद यादव, सुनील प्रजापति, हेमंत ठाकुर, शुभम चंद्राकर, संतोष साहू, नरसिंह यादव, गौरीशंकर मिश्रा, दुखित यादव, उमाशंकर मिश्रा, बबलू यादव सहित वार्डवासी व नागरिकगण उपस्थित थे।

> ■ नपा अध्यक्ष अशोक जैन ने पिपराहा तालाब गहरीकरण एवं सौन्दर्यीकरण का भूमिपूजन किया

# मां कर्मा जयंती में शामिल हुए विधायक संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

कम्युनिटी सेंटर सेक्टर–34 नोएडा में गत दिवस श्री जगन्नाथ स्वामी भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी संघ द्वारा आयोजित भक्त मां कर्मा देवी की 1009वीं जयंती महा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर कसडोल विधायक एवं साहू समाज राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष संदीप साहू विशेष रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए।



कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मां कर्मा देवी संघ के पदाधिकारियों ने मां कर्मा देवी के जीवन चरित्र और उनके द्वारा धर्म, सेवा और भक्ति मार्ग पर चलने के प्रेरक संदेशों का स्मरण कराया। इस दौरान राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष एवं विधायक संदीप साहू ने कहा कि भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी का जीवन आज भी हमें धर्म, कर्म और सेवा भाव की प्रेरणा देता है। उन्होंने मां कर्मा देवी संघ द्वारा किए जा रहे इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में भक्ति और संस्कारों के प्रचार–प्रसार का सशक्त माध्यम हैं। इस महोत्सव में बड़ी संख्या में देश के विभिन्न राज्यों से साहू समाज के राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, पूर्व विधायक अशोक साहू, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, साहू समाज युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू भी मौजूद थे।

# जैविक खाद का उपयोग करने में जुटे किसान...



**भरूवाडीह सैहा/गुमा।** अंचल के किसान खरीफ फसल की तैयारी में जुट गये हैं। आज आधुनिक युग में अनेक प्रकार के मशीनरी एवं रासायनिक खादों के उपयोगिता के बावजूद भी मिट्टी को ऊर्वरा बनाने खेतों में पुरानी पद्धति से भाठागांव, कोकड़ी, रिसदा, पुरान, ठेलकी, खम्हरिया, चांपा, सैहा, बेल्हा, गितकेरा, औंरासी, चुचरूंगपुर, सरसेनी, गुमा, पौंसरी, भरूवाडीह, ढ़ाबाडीह, खैरवारडीह, ढनढनी, सरकीपार, पीपराही, सेम्हराडीह, चंडी, खपराडडीह, रवेली सहित रावन के किसान बैलगाड़ी में घुरूवा से गोबर के जैविक खाद कां उपयोग आज भी कर रहे है। स्थानीय रावन के किसान कालिका वर्मा ने बताया तीन एकड़ में खाद डाल चुके हैं। पारम्परिक तरीके बैल गाड़ी और फावड़ा से खाद डालते हुए, मेहनत से पसीने और मिट्टी के अनोखे संगम के महक से आहें भर के मन हर्षित होकर रोमांचित हो उठता है और माँ धरती के प्रति कृतज्ञता प्रकट करता है।

# सेवानिवृत्ति पर हाईस्कूल शिक्षिका सरोज को दी विदाई

**खरोरा।** कनकी हाईस्कूल की सीनियर शिक्षिका सरोज गुप्ता को उनकी सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। विदाई के दौरान सरपंच ने भी शिक्षिका गुप्ता के कार्यकाल की प्रशंसा की। सरपंच ने कहा शिक्षक कभी रिटायर्ड नहीं होते, भले ही स्कूल आने जाने की दिनचर्चा बंद हो जाती हैं। एक सरकारी कर्मचारी यदि वह पुलिस है, वकील है, चाहे अन्य कुछ भी विभाग में हो रिटायर होकर पुनः कार्य में नहीं जाते, लेकिन एक शिक्षक कार्य से रिटायर होने के बाद भी अपने घर, समाज एवं राजनीति, समुदाय में अपने शिक्षा का प्रयोग कर एक नई उड़ाने भर सकते हैं। इस अवसर पर मौजूद सभी अतिथियों ने सरोज गुप्ता के स्वास्थ्य जीवन की कामना की।



# नपा अध्यक्ष ने सीसी रोड का भूमिपूजन किया



**बलौदाबाजार।** नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 21 में सड़क क्रांकिटीकरण किए जाने भूमि पूजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन एवं वार्ड के प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में व वार्ड पार्षद एवं नगर पालिका के उपाध्यक्ष जितेंद्र महले द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करते हुए भूमि पूजन किया गया। इस दौरान पार्षद कन्हैया सेन, जितेंद्र डड़सेना, शशि भूषण शुक्ला ने भी पूजन किया। वार्ड में सड़क क्रांकिटीकरण किए जाने स्वीकृति के अनुरूप वेदा पारवानी के घर से बीजेपी कार्यालय तक एवं वेदा पारवानी के घर से देवेंद्र बंजारे के घर तक सड़क क्रांकिटी करण कर निर्माण किए जाने पूजा अर्चना की गई। भूमि पूजन के अवसर पर वार्डवासी जवाहर वर्मा, सुशील सोनी, विनोद शुक्ला, बल्लू पारवानी, भास्कर साहू, शंकर दुलानी, रिंकू पारवानी, देवेंद्र पारवानी, इंदु पंजवानी, राजू पारवानी, वेद पारवानी, दीपक हबलानी, हेमंत, ऋतिक वाधवानी सहित वार्ड के अन्य नागरीकरण उपस्थित थे।

# सुशासन तिहार में मिली शासन के विभिन्न योजनाओं की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

2025 को सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम पंचायत घिरघोल में संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि भीम यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, जामवंती नीलकमल साहू, जनपद सदस्य, चंद्रप्रभा साहू, जनपद सदस्य विष्णु वैष्णव, सरपंच लोकेश्वरी साहू, उपसरपंच यशवंत साहू, पंच शत्रूहन साहू, देवनाथ साहू, रामाधार साहू, कुंती साहू, पीतांबर, हेमा ताड़वे, चमेली बंजारे, मधु देवी साहू, भारती बंजारे, राहुल चंद्राकर, हेमंत साहू, रमाशंकर बंजारे सहित जनपद पंचायत पलारी से विभिन्न क्षेत्र के कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग व सरपंच पंच सचिव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका मितानिन, सक्रिय महिला, ग्राम प्रमुख वरिष्ठ व ग्रामवासी ने संध्या चौपाल में सम्मिलित होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ली तथा इसी क्रम में स्कूली छात्रों द्वारा पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन व समस्त अतिथियों और ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से जल संचयन व स्वच्छता की शपथ ली।

## पेज 11 के शेष

### 16 स्वसहायता समूहों ...

1 लाख 50 हजार, सावित्री देवी फुले महिला स्वसहायता समूह बलौदी 1 लाख 50 हजार, इंदिरा महिला स्वसहायता समूह नगर पंचायत पलारी 1 लाख 50 हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गई है।

### शराब की अवैध बिक्री बंद...

जुआ खेलने, गांजा पीने, ताश डिस्पोजल बेचने पर 3100 अर्थदंड व बताने वाले को 1 हजार इनाम रखा गया है। बैठक में सरपंच यामिनी टिकेश्वर यादव, उपसरपंच नीलेश वर्मा, दंतेश्वरी धीवर, लोचन वर्मा, अजय वर्मा, सुनीता टंडन, खेलावन यदू, संतराम यादव, मोना वर्मा, दुर्गा देवांगन, अनिल कुर्रे, रुखमणी वर्मा, जनक यदू, अलख वर्मा, नेतू बारले, अरविंद वर्मा, कमलेश यदु, कन्हैया यदु सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### कांग्रेस का हुआ...

इस विधान सभा स्तरीय कार्यकर्ता बैठक में ताराचंद देवांगन, सुमित्र धृतलहरे जिला अध्यक्ष बलोदा बाजार, युधिष्ठिर नायक अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान, भागवत साहू अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिलाईगढ़, पंकज चंद्रा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरसीवा, लव साहू कार्यकारी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरसीवा, बबलू खान, छत्रसाल साहू, नल पटेल, नेमीचंद केसरवानी, गोपाल पांडे, डिगेश यादव, रामनारायण भट्ट, दिलीप अनंत, शैलेन्द्र देवांगन, परमानन्द साहू, हेमंत दुबे, मोती साहू, पीके धृतलहरे, फिरीत लाल खटकर, रामलाल केसरवानी, मोहन रात्रे आदि सैकड़ों कार्यकर्ता व आमजन शामिल हुए।

### नगर पालिका अध्यक्ष ...

विशेष रूप से सफाई व्यवस्था, जल आपूर्ति और सार्वजनिक शौचालय की मांग उठाई, वहीं ऑटो संघ के प्रतिनिधियों ने पार्किंग स्थल के समुचित प्रबंधन एवं ऑटो चालकों के हित संरक्षण हेतु आवश्यक सुझाव दिए। श्री शर्मा ने कहा कि नगर की प्रगति में हर नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है और सभी के सहयोग से भाटापारा को एक आदर्श नगर बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।



## खबर संक्षेप

### युक्ति ने हासिल किए 99.45 प्रतिशत अंक



**लवन।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा दूसरी से युक्ति श्रीवास पिता शिवशंकर श्रीवास ने 99.45 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नगरवासियों ने युक्ति श्रीवास की उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पेट्रोल भरवाने पर विवाद हुई मारपीट, केस दर्ज

**रायपुर।** खमतराई थाने में एक व्यक्ति ने तीन पेट्रोल पंप कर्मियों के खिलाफ पेट्रोल भरने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शत्रुघ्न वर्मा ने भनपुरी स्थित श्रीराम पेट्रोल पंप के तीन कर्मचारियों के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। शत्रुघ्न ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी गाड़ी में पहले पेट्रोल डालने के लिए कहा। इस बात से नाराज होकर पंप कर्मियों ने उसके साथ मारपीट की।

### घर घुसकर महिला से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम सेवाती में घर में घुसकर महिला से मारपीट करने के मामले में तेंदूकोना थाने में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थिया सानिया बाई धृतलहरे पति स्व दिलीप धृतलहरे (35 वर्ष) निवासी ग्राम सेवाती के साथ 26 अप्रैल की रात 9 बजे गांव के धर्मेंद्र बंजारे ने घर घुसकर लकड़ी, हाथ मुक्के से मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 296, 333, 351 (2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### विद्यार्थियों का दस दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम हुआ

**महासमुंद।** राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) एवं राज्य माध्यमिक शिक्षा मिशन द्वारा संचालित नवीन व्यावसायिक पाठ्यक्रम कृषि एवं बैंकिंग के विद्यार्थियों का 10 दिवसीय 80 घंटे का इंटर्नशिप कार्यक्रम समापन के पश्चात स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों का 10 दिवसीय इंटर्नशिप वेद माता गायत्री गौशाला ग्राम भलेसर एवं चंद्राकर कृषि फार्म कनेकेरा में आयोजित किया गया। बैंकिंग के विद्यार्थियों को बैंक ऑफ़ बड़ौदा में इंटर्नशिप कराया गया। 10 दिवस पूर्ण होने के पश्चात सभी को मानदेय राशि एवं प्रमाण पत्र संस्था के प्राचार्य एचके आचार्य, उपप्राचार्य सीएल चंद्राकर एवं सभी वरिष्ठ व्याख्याताओं की उपस्थिति में प्रदान किया गया। बच्चों को इंटर्नशिप के लाभ के बारे में जानकारी देते हुए व्यावसायिक प्रशिक्षक कृषि बसंत कुमार साहू एवं व्यावसायिक प्रशिक्षक बैंकिंग श्वेता चंद्राकर द्वारा इंटर्नशिप के दौरान किए गए कार्यो की विस्तृत जानकारी दी गई।

### डीएमएफ की शासी परिषद् की बैठक 1 को

**धमतरी।** जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) की शासी परिषद् की बैठक आगामी एक मई को आहूत की गई है। दोपहर तीन बजे से यह बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास अबिनाश मिश्रा ने इस बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

## कलेक्टर ने चौपाल में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, सचिव व तकनीशिन को नोटिस

# कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान में की तालाब के आसपास सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी सहित अधिकारी–कर्मचारियों ने मोर गांव, मोर पानी महाभियान अंतर्गत विकासखंड कसडोल के ग्राम देवरीकला में सोमवार को स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान कर हनुमान तालाब के आस–पास की साफ–सफाई की और स्वच्छता का सन्देश दिये। इसके पश्चात तालाब के किनारे आम एवं नीम के पौधे रोपे। कलेक्टर ने गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और शीघ्र निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान कलेक्टर ने पंचायत सचिव कमलदास मानिकपुरी द्वारा कार्यों में लापरवाही बरतने एवं हैण्डपंप तकनीशियन नीलकमल साहू द्वारा गांव का नियमित दौरा नहीं करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रेमलता वैष्णव, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम आर आर दुबे, सरपंच बालेश्वर दास वैष्णव उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में 8 अप्रैल से सुशासन तिहार मनाया जा रहा है, जो 31 मई तक चलेगा। प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का द्वितीय चरण अंतर्गत निराकरण किया जा रहा है। इसके पश्चात तृतीय चरण में समाधान शिविर में आवेदनों के निराकरण का वाचन किया जाएगा। पंचायत देवरीकला से कुल 430 आवेदन प्राप्त हुए है, जिसमें 427 मांग एवं 3 शिकायत से सम्बंधित है। उन्होंने सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।



### केज कल्चर मछली पालन की जांच पड़ताल

कलेक्टर सोनी ने गांव के पुराने खदान में निषाद राज मछुआ समिति द्वारा केज कल्चर के माध्यम से मछली पालन का निरीक्षण किया। उन्होंने जलाशय में उतरने के लिए सीढ़ी निर्माण सहित व्यवस्थित रूप से मछली पालन करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही मछली पालन विभाग के अधिकारियों को मछुआ समिति को आवश्यक सहयोग करने के भी निर्देश दिये। समिति द्वारा बताया गया कि वर्ष 2023 से इस खदान में केज कल्चर के माध्यम से 25 केज में मछली पालन किया जा रहा है। मछली पालन से 3 से 4 लाख रुपये सालाना मुनाफा प्राप्त हो रहा है।

### तालाबों की सफाई कर दिया स्वच्छता का सन्देश

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जल संचयन महाभियान अंतर्गत शनिवार को जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में अधिकारी–कर्मचारी, जल संचयन वाहिनी सहित ग्रामीणों ने तालाबों की साफ –सफाई कर स्वच्छता का सन्देश दिया। इसके साथ ही स्वच्छता दीदियों ने भी अभियान में हिस्सा लेकर कचरा एकत्रित किया। जल संचयन महाभियान के तहत निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 26 से 29 अप्रैल तक सभी ग्राम पंचायतों में श्रमदान से तालाबों की सफाई एवं पक्के मकानों में वाटर हार्वेस्टिंग संरचना निर्माण कार्य किया जाएगा। गौरतलब है कि जिले में 18 अप्रैल से 15 मई तक जल संचयन महाभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों में जल संचयन, सदुपयोग एवं स्वच्छता सम्बन्धी कार्यक्रम, जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।



### जिले में 1700 नलकूपों के पास बनाये गए गड्ढे

कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार के साथ ही जिले में मोर गांव, मोर पानी महाभियान अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिसमें प्रमुख रूप से जल संचयन और स्वच्छता अभियान है। जल संचयन अंतर्गत सभी नलकूपों के पास सोखता गड्ढा का निर्माण किया जा रहा है। अब तक जिले में लगभग 1700 सोखता गड्ढा का निर्माण पूरा कर लिया गया है। वर्षा जल संचय के लिए सभी पक्के मकान में वाटर हार्वेस्टिंग संरचना का निर्माण किया जा रहा है। इन सब गतिविधियों में सबकी सहभागीता जरुरी है। आपसी समन्वय और सहभागिता से पंचायत में विकास कार्यों को आगे बढ़ाएं। कलेक्टर ने गांव में पेयजल की समस्या दूर करने के लिए पीएचई के एसडीओ को जल जीवन मिशन के तहत नल जल की सुविधा शीघ्र बहाल करने तथा पावर पंप मरम्मत के लिए सरपंच एवं पंचायत सचिव को 15वें वित की राशि का उपयोग करने कहा। उन्होंने पंचायत में हैंडपम्प मरम्मत सम्बन्धी पंजी संधारण करने के निर्देश दिये। पेंशन राशि भुगतान की अद्यतन सूची ग्राम पंचायत में चस्पा करने तथा इसकी सूचना हेतु मुनादी कराने के भी निर्देश दिये। उन्होंने गांव में लो वोल्टेज की समस्या का निराकरण के लिए सीएसपीडीसीएल के एसडीओ को निर्देशित किया। कलेक्टर ने राजस्व सम्बन्धी समस्याओं के समाधान के लिए तहसीलदार एवं पटवारी को निर्देशित करते हुए कहा कि शत-प्रतिशत राजस्व विवादमुक्त गांव बनाएं। शासकीय भूमि पर अतिक्रमण न हो। उन्होंने शासकीय हाई स्कूल परिसर में जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए जल निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने इस अवसर पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारी, स्व-सहायता समूह की महिलाएं एवं ग्रामीणों को जल संचयन की शपथ दिलाई।

## संयंत्र ने क्षेत्र के गांवों में की पेयजल व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

अल्ट्राटेक ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निकटवर्ती ग्रामों में पेयजल संकट को देखते हुए त्वरित पहल की और विभिन्न गांवों में टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। ग्राम पंचायत हिरमी, मोहरा, बरडीह, अमेरी, भिलौनी और कुथरौद में पंचायतों के समन्वय से नियमित पानी टैंकर भेजकर लोगों को राहत दी जा रही है। इन प्रयासों के साथ पानी की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों को जल संरक्षण के उपाय अपनाने की भी सलाह दी जा रही है। विशेष रूप से पंचायत हिरमी में भीषण गर्मी के कारण उत्पन्न विकट पेयजल संकट को देखते हुए घर–घर पीने योग्य जल पहुंचाने के लिए बोरवेल खनन कार्य किया गया है एवं पाइप लाइन विस्तार के साथ पेयजल की आपूर्ति मुख्य पाइप लाइन में पाइप जोड़कर की जा रही है। इसके साथ ही, तात्कालिक समाधान के तौर पर गांव की गलियों में तीन पानी टैंकरों द्वारा जल वितरण भी जारी है, जिससे ग्रामीणों को राहत मिली है। पंचायत द्वारा चिन्हित स्थल पर कराए गए बोरवेल से पर्याप्त जल स्रोत मिलने के बाद उसे ओवरहेड टैंक (मुख्य पानी टंकी) से जोड़ने की योजना भी बनाई गई है, ताकि गांव में व्यवस्थित रूप से जल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। ग्राम पंचायतों के सरपंच, उपसरपंच, पंचगण, जनपद सदस्य एवं ग्रामीणों ने संयंत्र प्रबंधन का त्वरित निर्णय एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है।

### घर-घर जाकर पात्र हितग्राहियों का सर्वे कर रही सरपंच



**मुंडा।** ग्राम पंचायत बरदा में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना का लाभ दिलाने के लिए नवनिर्वाचित सरपंच देव कुमारी दुकालू बंजारे पात्र हितग्राहियों के घर-घर जाकर सर्वे कर रही हैं। उनका मानना है कि कच्चे मकान में रह रहे लाभार्थी का पक्का मकान बनाने और सुविधा जनक जीवन जी सके।

## अक्षय तृतीया कल मनाएंगे परशुराम जयंती की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला



वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला अक्षय तृतीया हिंदू संस्कृति में अत्यंत शुभ और पवित्र माना जाता है। संस्कृत में 'अक्षय' का अर्थ होता है – जो कभी नष्ट न हो और यही इस पर्व का मुख्य संदेश है असीम सौभाग्य और स्थायी समृद्धि।

■ क्षेत्र में कल मनाया जायेगा अक्षय तृतीया का पर्व

यह दिन नए कार्यों के शुभारंभ के लिए अत्यंत अनुकूल माना जाता है। पारंपरिक मान्यताओं के अनुसार इस अवसर पर नया व्यवसाय शुरू करना, नई संपत्ति खरीदना या किसी नए घर में प्रवेश करना बेहद शुभ फलदायी होता है। यही कारण है कि देशभर में लोग इस दिन सोना-चांदी जैसे कीमती धातुओं की खरीदारी करते हैं, जिससे परिवार में लक्ष्मी का वास और आर्थिक स्थिरता बनी रहती है।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, यह दिन भगवान विष्णु को समर्पित होता है और यह त्रेता युग के आरंभ का प्रतीक भी माना जाता है। यही दिन भगवान परशुराम के जन्मोत्सव – परशुराम जयंती के रूप में भी मनाया जाता है, जो भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं।

धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक सेवा की भावना भी इस पर्व में झलकती है। यज्ञ, पूजा और दान-पुण्य जैसे कार्यों के माध्यम से लोग इस दिन का महत्व बढ़ाते हैं। जरूरतमंदों को भोजन, वस्त्र और अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की जाती है, जिससे न केवल पुण्य की प्राप्ति होती है, बल्कि समाज में सहानुभूति और समरसता का संदेश भी फैलता है।

### खेतों में प्रतीकात्मक रूप से धान की बुआई होगी

ग्रामीण अंचलों में अक्षय तृतीया की विशेष मान्यता है। एक किसान ने बताया कि गांवों में इस दिन खेतों में प्रतीकात्मक रूप से धान की बुआई कर पूजा की जाती है। बच्चे गांव के देवी-देवताओं के मंदिरों में जाकर धान अर्पित करते हैं ताकि पूरे वर्ष अन्न और धन की कमी न हो।

## सुर संजना महिला मानस परिवार ने रामायण का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

ग्राम मोहरा के गौठान चौक में रविवार को सुर संजना महिला मानस परिवार धमतरी द्वारा एक दिवसीय रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से एक बेटी के जन्म से लेकर उसके संपूर्ण नारी जीवन के महत्व को सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया गया। रामायण के दौरान भावपूर्ण प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना तथा आए हुए अतिथियों के स्वागत से की गई।




मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य डॉ. मोहन वर्मा, सूरज वर्मा, कुथरौद भालेसुर, सरपंच नवीन कुमार वर्मा, मोहरा सरपंच तारणी जवाहर वर्मा, उप सरपंच चंदन लाल, जनपद सदस्य पुष्पा सुखनंदन चेलक, पूर्व जनपद सदस्य बिसेसर भूषण वर्मा, पूर्व उप सरपंच राजेश वर्मा, कार्तिक राम वर्मा, छत्रधारी वर्मा, परमेश्वर वर्मा, अनिल वर्मा, पूर्व अध्यक्ष बोधराम वर्मा, संतराम वर्मा, प्राणनाथ वर्मा तथा हरिश्चंद्र वर्मा उपस्थित रहे। इनके अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं मित्रगण आयोजन में शामिल होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाए।कार्यक्रम के दौरान अचानक मौसम में बदलाव आ गया और बूंद बांदी के साथ हल्की बारिश शुरू हो गई, जिसके कारण रामायण पाठ को निर्धारित समय से पहले ही रोकना पड़ा। बावजूद इसके उपस्थित सभी लोगों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया और आयोजन की सराहना की। सुर संजना महिला मानस परिवार के प्रयासों को सभी ने सराहा और भविष्य में भी ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों की कामना की।

### 1 मई को निकलेगी आरटीई की लॉटरी

**धमतरी।** आरटीई के तहत रिक्त 1066 सीटों के लिए तीन गुना से ज्यादा आवेदन मिले हैं। आवेदन लेने के बाद प्रवेश की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। मई की पहली और दूसरी तारीख को लॉटरी निकालकर छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। आरटीई के तहत इस साल 188 निजी स्कूलों ने पंजीयन कराया है। इन स्कूलों में मुफ्त शिक्षा के लिए 1066 सीट रिक्त हैं जिस पर प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। जानकारी के अनुसार इन रिक्त सीटों के लिए कुल 3449 आवेदन प्राप्त हुए हैं। 17 मार्च से 25 मार्च तक आवेदनों की स्क्रूटनी की गई।

## सुशासन तिहार में हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राज्य व्यापी सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार के दौरान विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय आईटीआई पलारी में भी सुशासन तिहार मनाया गया, जिसमें 8 से 25 अप्रैल तक अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गए।



जानकारी के अनुसार 8 अप्रैल को चित्रकला, 9 अप्रैल को रंगोली प्रतियोगिता, 12 अप्रैल को निबंध लेखन प्रतियोगिता, 17 अप्रैल लोक नृत्य, 22 अप्रैल को नुक्कड़ नाटक एवं 25 अप्रैल को वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

चित्रकला में पुष्पांजलि निषाद प्रथम, इंद्र कुमार द्वितीय, सुमन चंदेल तृतीय, रंगोली प्रतियोगिता में प्रशांत प्रथम, गजेंद्र द्वितीय एवं मोहिनी तृतीय, निबंध लेखन प्रतियोगिता में पुष्पांजलि प्रथम, भूमिका द्वितीय, मनीष तृतीय, लोक नृत्य में कीर्ति निराला प्रथम, शिवानी सिन्हा द्वितीय एवं हीरामणि तृतीय, नुक्कड़ नाटक में दुर्गेश सेन प्रथम, गायत्री द्वितीय एवं टोमेश्वर निराला तृतीय, वाद विवाद प्रतियोगिता में टोमेश्वर निराला प्रथम, तुलेश्वरी द्वितीय एवं ज्योति तृतीय स्थान पर रहीं।

## सरस्वती शिशु मंदिर के परीक्षा परिणाम जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का 28 अप्रैल को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि महावीर शिक्षण समिति के अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद शर्मा, सचिव डमरूधर वर्मा रहे।



कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेंद्र शर्मा ने की। परीक्षा परिणाम में छात्राओं ने अधिक अंक हासिल किए, जिसमें कक्षा अरुण में प्रथम भाविका जांघे 99 प्रतिशत, द्वितीय खिलेश वर्मा 98, तृतीय कुणाल वर्मा 97.5 प्रतिशत, कक्षा उदय सिया शर्मा 99.5 प्रतिशत, काव्य वर्मा 99, कुणाल साहू 94 प्रतिशत, कक्षा प्रथम तेजस्वी साहू 90 प्रतिशत, तृषा ध्रुव 89.5, रितिका खूंटे 88.5 प्रतिशत, कक्षा द्वितीय कृष वर्मा 96.5 प्रतिशत, गुंजल कुमार 96, तान्या साहू 95.5 प्रतिशत, शालिनी वर्मा 83, पूर्वी वर्मा 81.5 प्रतिशत, रिया वर्मा 79 प्रतिशत, कक्षा चतुर्थ प्रथम वरुण देव साहू 95 प्रतिशत, द्वितीय संजीव वर्मा 94.5, लक्ष्य वर्मा 89 प्रतिशत तृतीय स्थान रहे। कक्षा षष्टम याचना वर्मा 92.83 प्रतिशत, इशा वर्मा 90.66, चंचल साहू 84.6 प्रतिशत, कक्षा सप्तम लाडली बंजारे 93.3 प्रतिशत, आस्था वर्मा 92.3 प्रतिशत, चंद्रहास वर्मा 77.116 प्रतिशत, कक्षा नवम दामिनी साहू 95.6 प्रतिशत, शुभम साहू 92.3 प्रतिशत, निशा वर्मा 89.8 प्रतिशत, कक्षा एकादश में प्रथम स्थान तारिणी साहू 92.02 प्रतिशत, द्वितीय गीता वर्मा 88.02 प्रतिशत, तृतीय तनु बंजारे 82.4 प्रतिशत अंकों के साथ स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन परीक्षा प्रमुख चैनसिंह वर्मा द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में समिति के सदस्य अरुण सेन, शंकर लाल रजक, गजाधर वर्मा, आचार्य किशोरी लाल ध्रुव, माखन साहू, श्रवण निषाद, रिपुसुदन श्रीवास, बसंत कुमार वर्मा, पुरुषोत्तम लाल वर्मा, हिच्छाराम भारद्वाज, भारत बंजारे, लक्ष्मी नारायण निषाद, वीरेंद्र वर्मा, फाल्गुनी वर्मा, भगवती सेन, पार्वती ध्रुव, कमल वर्मा, शीतल वर्मा, उमेश्वरी वर्मा, प्रीति वर्मा, राही साहू, पांचों यादव सहित अभिभावकगण मातृशक्ति सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।




